
## संपादकीय

# कोरोनाः महामारी और तैयारी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस को पैनडेमिक यानी महामारी घोषित कर दिया है। महामारी का नाम आधिकारिक रूप से उस बीमारी को दिया जाता है जो एक ही समय में दुनिया के अलग-अलग देशों में फैल रही हो। डब्ल्यूएचओ के अध्यक्ष डॉ. टेडरोज आध्यनोम गेब्रेयेसोस ने कहा है कि वह अब कोरोना वायरस के लिए महामारी शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि वायरस को लेकर निषि यता चिंताजनक है। इससे पहले साल 2009 में स्वाइन फ्लू को महामारी घोषित किया गया था। अनुमान है कि स्वाइन फ्लू की वजह से कई लाख लोग मारे गए थे। जहां तक कोरोना वायरस या कोविड 19 का प्रश्न है तो ताजा आंकड़ों के मुताबिक 114 देशों में अब तक 126,000 मामले सामने आए हैं। भारत में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां 17 विदेशी मरीजों समेत कुल 73 लोगों में सं मण की पुष्टि हो चुकी है। भारत ने इसके शुरुआती मामले सामने आने के साथ ही सतर्कता बरतनी शुरू कर दी थी और अब अपनी तैयारी और बढ़ा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को एक अहम बैठक में कोरोना वायरस का सं मण रोकने के लिए 15 अप्रैल तक सभी वीजा पर पाबंदी लगाने का फैसला किया है। और तो और, ओसीआई कार्डधारकों (प्रवासी भारतीय नगरिकों) को दी जाने वाली वीजा मुक्त यात्रा की सुविधा पर भी 15 अप्रैल तक के लिए रोक लगा दी गई है। सरकार ने कहा है कि 15 फरवरी के बाद चीन, इटली, ईरान, कोरिया, फ्रांस, स्पेन और जर्मनी से भारत आए सभी यात्रियों को कम से कम 14 दिन तक अलग-थलग रखा जाएगा। इसमें वे भारतीय नागरिक भी शामिल होंगे जो इन देशों में घूमने गए थे। साथ ही सरकार ने सभी को हिदायत दी है कि बेहद जरूरी न होने पर वे भारत न आएं। सरकार का कहना है कि भारत आने पर उन्हें कम से कम 14 दिनों के क्वैरंटाइन में रहना पड़ सकता है। भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि आवश्यक न होने पर वे विदेश न जाएं, क्योंकि उन्हें देश लौटने पर कम से कम दो सप्ताह तनहाई में बिताने पड़ेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि छात्रों और जरूरी काम से बाहर जाने वालों की जल्दी जांच की जाएगी और सं मण न होने की सूरत में उन्हें विदेश जाने दिया जाएगा, लेकिन लौटने पर उन्हें क्वैरंटाइन में रखा जा सकता है। सरकार ने कहा है कि सड़क के रास्ते देश में आने-जाने वालों की जांच के लिए सीमा पर चेक पोस्ट पर स्वास्थ्य जांच की उचित व्यवस्था की जाएगी। कोरोना को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूरता फैलाने की जरूरत है। लोगों तक सही जानकारी पहुंचे, यह सुनिश्चित करना होगा क्योंकि वॉट्सऐप और अन्य माध्यमों से इसे लेकर अजीबोगरीब सुझाव दिए जाने लगे हैं। लोग अपने आप तरह-तरह के उपचार करने लगे हैं। लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के अलावा मास्क तथा सैनिटाइजर जैसी चीजें आसानी से उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी करनी होगी।

# मार्च में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से 37,976 करोड़ निकाले



**नयी दिल्ली।** कोरोना वायरस के महामारी का रूप लेने के साथ ही वैश्विक मंदी की आशंका बढ़ गई है। इससे घबराए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 37,976 करोड़ रुपये की निकासी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने 2 से 13 मार्च के दौरान शेयरों से शुद्ध रूप से 24,776.36 करोड़ रुपये और ॠण या बांड बाजार से 13,199.54 करोड़ रुपये की निकासी की। इस तरह समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने कुल मिलाकर 37,975.90 करोड़ रुपये निकाले हैं।

इससे पहले सितंबर, 2019 से लगातार छह माह तक विदेशी निवेशक शुद्ध लिवाल रहे थे। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट एडवाइजर के वरिष्ठ विश्लेषक प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है जिसके चलते इसे महामारी घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार जारी सुस्ती की वजह से दुनिया भर के निवेशक प्रभावित हुए हैं।

# अब ट्रेनों के वातानुकूलित कोच में नहीं मिलेंगे कंबल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे के वातानुकूलित डिब्बों में सफर करने वाले लोगों को कुछ समय के लिए अपनी यात्रा के दौरान खुद से कंबल और बेड-शीट लेकर यात्रा करनी होगी। कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप के चलते अभी के लिए रेलवे ने कंबल और बेट-शीट की सुविधाओं को वापस लेने का फैसला किया है।

पश्चिमी रेलवे के मुंबई डिविजन के डिविजनल रेलवे मैनेजर के ऑफिसियल ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा गया, कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप से रोकथाम के लिए रेलवे सर्विस से कंबल और बेड-शीट की सुविधाओं को वापस लेने का फैसला किया गया है।

यात्रियों से अनुरोध है कि वह यात्रा के दौरान अपने हिसाब से खुद की कंबल और बेड-शीट लेकर आएं। पश्चिमी रेलवे के मुख्य पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) ने कहा कि मजबूरी के मद्देनजर अतरिक्त बेड-शीट रखीं जाएंगी।

# पेट्रोल 12 पैसे, डीजल 14 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ

**नयी दिल्ली।** पेट्रोल कीमतों में रविवार को 12 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई। वहीं डीजल के दाम 14 पैसे प्रति लीटर घटाए गए। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने वैश्विक कीमतों में गिरावट के रुख अनुरूप पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए हैं।



सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में अब पेट्रोल का दाम 69.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल 62.44 रुपये प्रति लीटर पर आ गया है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती कहीं ऊंची रहती, लेकिन सरकार ने शनिवार को ईंधन पर उत्पाद शुल्क में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। पेट्रोलियम कंपनियों का कहना है कि वे खुदरा कीमतों में कटौती कम रख रही हैं, क्योंकि इन पर उत्पाद शुल्क बढ़ाया गया है। इन कंपनियों ने कहा कि उन्हें जो लाभ हुआ है उसे मूल्य वृद्धि के साथ समायोजित किया गया है।

उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी की वजह से ऐसा करना जरूरी है। सरकार ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की घोषणा की। इससे सरकार को 39,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा।



## फरवरी में कोयला आयात 14 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** कोरोना वायरस की मार से देश का कोयले का आयात भी प्रभावित हुआ है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में कोयले का आयात 14.1 प्रतिशत घटकर 1.70 करोड़ टन पर आ गया। एमजंक्शन सर्विसेज के अस्थायी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। फरवरी, 2019 में देश का कोयला आयात 1.98 करोड़ टन रहा था। एमजंक्शन टाटा स्टील और सेल का संयुक्त उद्यम है। यह एक बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी है जो कोयला और इस्पात पर शोध रपट भी प्रकाशित करती है।

# कोरोना वायरस के कारण सभी बैडमिंटन टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक स्थगित

**नईदिल्ली।** विश्व बैडमिंटन संघ (बीडबल्यूएफ) ने दुनियाभर में फैले कोरोनावायरस के प्रकोप से बचने के लिए बीडबल्यूएफ वर्ल्ड टूर और बैडमिंटन से जुड़े सभी टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक स्थगित कर दिए हैं। बीडबल्यूएफ के इस फैसले के बाद अब नई दिल्ली में 24 से 29 मार्च तक होने वाला इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट भी स्थगित हो गया है। बीडबल्यूएफ ने कहा कि उसका यह फैसला रविवार को समाप्त होने वाले ऑल इंग्लैंड ओपन के बाद सोमवार से लागू होगा।

बैडमिंटन की शीर्ष संस्था ने कहा कि सभी सदस्यों की सलाह से इस समय सभी टूर्नामेंट को रद्द किया जा रहा है, क्योंकि खिलाड़ियों की यात्रा को लेकर बहुत सारे प्रतिबंध लगे हुए हैं। संस्था ने कहा कि फेडरेशन सभी खिलाड़ियों, सदस्यों और अधिकारियों के स्वास्थ्य की चिंता करता है। कोरोनावायरस के कारण बीडबल्यूएफ के इस फैसले से अब अगले सप्ताह होने वाले स्विस ओपन, इंडिया ओपन, आर्लीनस मास्टर्स, मलेशिया ओपन और सिंगापुर ओपन तय कार्यक्रम के अनुसार नहीं होंगे।



कोरोनावायरस के कारण कई बैडमिंटन टूर्नामेंट के रद्द या स्थगित होने के कारण टोक्यो ओलंपिक क्वालीफाइंग अवधि पर इसका प्रभाव पड़ा है। बीडबल्यूएफ ने कहा कि वह ओलंपिक क्वालीफिकेशन को लेकर बाद में कोई फैसला लेगा।

दुनियाभर में फैले कोरोनावायरस के कारण फरवरी से मार्च तक होने वाले पांच बीडल्यूएफ बैडमिंटन टूर्नामेंटों को पहले ही या तो रद्द कर दिया गया था या फिर स्थगित कर दिया गया था। इनमें पोलिश ओपन, वियतनाम इंटरनेशनल चैलेंज, पुर्तगाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप, जर्मन ओपन और चाइना मास्टर्स शामिल हैं। कोरोनावायरस के कारण ही सात भारतीयों ने पिछले सप्ताह ही आल इंग्लैंड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था।

# बांग्लादेश वनडे टीम के कप्तान तमीम ने बदलाव के लिये समय मांगा

**ढाका।** बांग्लादेश की वनडे टीम के नव नियुक्त कप्तान तमीम इकबाल ने शनिवार को कहा कि उन्हें अपनी भूमिका में बदलाव लाने के लिए कुछ वक्त चाहिए। तमीम को पिछले सप्ताह मशरफे मुर्तजा की जगह कप्तान बनाया गया। मुर्तजा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के बाद अपना पद छोड़ दिया था।



तमीम ने ढाका में पत्रकारों से कहा, 'आपको धैर्य रखना होगा। हमारे प्रशंसकों को भी संयम बरतना होगा। मैं टीम के हित में जो भी सर्वश्रेष्ठ हो उसे करने की कोशिश करूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैंने किसी से जिम्मा संभाला है। सीधे उनके स्तर पर पहुंचना मुश्किल है। मैं इसे अच्छी तरह से समझता हूं। उन्होंने कई साल तक हमारी अगुआई की। हमने उनकी कप्तानी में कई उपलब्धियां हासिल कीं।

## भाग्यशाली हैं जो क्रिकेट कॉन्टैक्ट वाला खेल नहीं है:पैट कमिन्स



**मेलबर्न।** कोरोना वायरस के कारण जब पूरी दुनिया दहशत में है, तब ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिन्स खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि क्रिकेट संपर्क वाला खेल नहीं है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इस महामारी के मद्देनजर शुक्रवार को तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे खाली स्टेडियम में खेला जिसके बाद शेष दोनों वनडे रद्द कर दिए गए। इस महामारी के कारण अब तक 5000 लोगों की मौत हो चुकी है। 30 टेस्ट मैचों में 143 विकेट ले चुके पेसर कमिन्स ने क्रिकेट डॉट एयू डॉट कॉम से कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि क्रिकेट संपर्क वाला खेल नहीं है। आप किसी के करीब आने से बच सकते हो।' ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 71 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज भी कोरोना वायरस के कारण रद्द कर दी गई।

## आज का राशिफल

मेषः राशि स्वामी मंगल धनुः राशि पर आ चुका है। चंद्रमा आज अष्टम भाव में होने से गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

वृषभः राशि का स्वामी शु द्वादश भाव में बुध के साथ परा म आयु भाग्य भाव में होने से जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

मिथुनः आज राशि से षष्ठम भाव में चंद्रमा मन को संतोष देने वाला है। सप्तम भाव में गुरु से व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कर्कः आज राशि स्वामी चन्द्र पंचम भाव में कोष वृद्धि का संकेत है।

सिंहः चतुर्थ भाव का चंद्रमा और एकादश घर में मिथुन राशि का राहू आज प्रभाव-प्रताप को बढ़ाने वाला है।

कन्याः तृतीय भाव में चंद्रमा शुभ व्यय-कीर्ति की वृद्धि कराएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी।

तुलाः राशि स्वामी शु मेष राशि का होकर सप्तम भाव में और तृतीय घर में चंद्रमा के प्रभाव से राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे।

वृश्चिकः राशि स्वामी भोम के धनुः राशि पर होने और द्वितीय कोष भाव में चंद्रमा के होने से पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

धनुः देव गुरु धनुः राशि पर और चंद्रमा द्वादश व्यय स्थान में चल रहे हैं।

मकरः आपकी राशि से षष्ठम राहू और राशि का स्वामी शनि जन्म स्थान घर में होने के कारण व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा।

कुंभः आज दशम कर्म केंद्र भाव में वृश्चिक राशि का चंद्रमा होने के फलस्वरूप बेरोजगार व्यक्ति यों को रोजगार मिलने की संभावना है।

मीनः राशि स्वामी बृहस्पति दशम राज्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा वृद्धि कारक है। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

# रोक दी गई रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र की शूटिंग

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को एकसाथ पर्दे पर देखने के लिए लगता है अभी फैन्स को और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। एक बार फिर से इसके टलने की खबर को लेकर चर्चा है। हाल ही में खबर आई थी कि ब्रह्मास्त्र अब 4 दिसम्बर को रिलीज़ होगी कि इसी बीच अयान मुखर्जी की इस फिल्म की राह में फिर से मुश्कलें आ खड़ी हो गई हैं। सूत्र के मुताबिक, रणबीर, आलिया और अमिताभ बच्चन स्टारर इस फिल्म की आखिरी शूटिंग मुंबई में फाइनल स्टेज पर थी और अब कहा जा रहा है कि इंडिया में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले को देख शूटिंग शेड्यूल को आगे खिसकाना पड़ा है।



सूत्र ने बताया है कि रणबीर और अयान दोनों पहले टीम की सेफ्टी को प्रायॉरिटी पर रखना चाहते हैं और वे इस ममले में कोई रिस्क लेना नहीं चाहते। इसीलिए फिल्म की शूटिंग शेड्यूल बढ़ा दी गई है, जो अब अप्रैल में होगी।

इससे पहले फिल्म की रिलीज़ टलकर इसी साल गर्मी में होने की बात थी, लेकिन कहा गया कि ब्रह्मास्त्र में डाले जा रहे वीएफएक्स इफेक्ट का काम काफी ज्यादा बचा हुआ था जिसकी वजह से फिल्म की रिलीज़ को खिसका दिया गया। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि इस अपडेट से अयान और करण भी खुश नहीं हैं, लेकिन वह ऑडियंस के सामने आधी-अधूरी चीज पेश नहीं करना चाहते। ऐसे में उनके पास अब फिल्म को 2020 के विंटर में रिलीज करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। बता दें कि, ब्रह्मास्त्र को पहले क्रिसमस 2019 पर रिलीज किया जाना था।


# इच्छाधारी नागिन पर बन रही है फिल्म, क्या मां श्रीदेवी की तरह जान्हवी कपूर निभाएंगी लीड रोल

सुपरनैचरल और हॉरर स्टोरीज ने हमेशा दर्शकों को आकर्षित किया है। अगर आप भी ऐसी फिल्में पसंद करते हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। रिपोर्ट की मानें तो इच्छाधारी नागिन पर फिल्म बनने की तैयारी चल रही है।

खबर है कि निखिल द्विवेदी इस पर फिल्म बनाने का प्लान बना रहे हैं। छोटे पर्दे पर बना सीरियल पहले ही काफी पॉप्युलर है। एकता कपूर भी इस सब्जेक्ट पर फिल्म बनाने की घोषणा अब देखना होगा कि लीड रोल कौन सी ऐक्ट्रेस निभाएगी। इससे पहले श्रीदेवी ने कई फिल्मों में इच्छाधारी नागिन का रोल निभाया है। कयास यह भी लगाया जा रहा है कि उनकी बेटी जाह्नवी कपूर यह रोल कर सकती हैं। इसके अलावा अगर दूसरे ऑप्शंस देखे जाएं तो दीपिका पादुकोण, तारा सुतारिया या आलिया भट्ट भी इस रोल में जम सकती हैं। वैसे फिल्म की ऑफिशल घोषणा नहीं हुई है। खबर है कि निखिल कुछ टॉप ऐक्ट्रेसस से बात कर रहे हैं।



# घर पर बनाये मटर निमोना जानें इसकी रेसिपी



### सामग्री

मटर- 250 ग्राम, प्याज- 2 (पीसे हुए), आलू- 2-3, अदरक-लहुसन पेस्ट- 1 चम्मच, टमाटर- 2 (पीसे हुए), जीरा- 1 चम्मच, हींग- चुटकीभर, धनिया पाउडर- 1/2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- स्वादानुसार, गरम मसाला- 1/2 चम्मच, हरी मिर्च- 1-2 कटी हुई, तेज पत्ता- 2, तेल- आवश्यकतानुसार, नमक-स्वादानुसार

### विधि


सबसे पहले मटर को मिक्सी में दरदरा पीस लें। अब एक कड़ाही में तेल गरम करें। इसमें जीरा, तेजपत्ता, हींग डालकर तड़काएं। अब इसमें प्याज का पेस्ट डालकर उसे भूनें। इसके बाद इसमें अदरक-लहुसन पेस्ट और चाहे तो मूंगदाल वड़ी भी डाल सकते हैं। सुनहरा होने पर इसमें टमाटर का पेस्ट, लाल मिर्च, धनिया पाउडर, कटी मिर्च, गरम मसाला डालकर भूनें। किनारे पर तेल नजर आने लगे इसका मतलब मसाला अच्छी तरह भून चुका है।

अब इसमें पीसी हुई मटर, और आलू डालकर थोड़ी देर और भूनें। सब्जी को चावल के साथ खाना है या रोटी के साथ उसके हिसाब से पानी डालें और फिर नमक मिलाएं। कुछ देर और पकने दें। उसके बाद इसमें कटी हरी धनिया डालकर गरमा-गरम सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 62

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, पायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 61 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ददू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू-दोकू- 62

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 61 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |